हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 एसपी के निर्देश अनुसार कोतवाली टीआई ने किया मामले का...



07 जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिले यही प्राथमिकता...




## खबर संक्षेप



### नवागत कलेक्टर प्रतिभा पाल ने किया कार्यभार ग्रहण

**सागर।** नवागत कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सागर में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर पाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा समय सीमा में कार्यों का निराकरण किया जाए।

### 5 छात्रों का माइनिंग ऑफिसर पद पर चयन

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय के अनुप्रयुक्त भूविज्ञान विभाग ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जहाँ इसके पाँच एम.टेक. छात्रों का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रतिष्ठित माइनिंग ऑफिसर पद के लिए हुआ है। माइनिंग ऑफिसर परीक्षा 2024 के लिए 16 मार्च 2026 को जारी आधिकारिक चयन सूची (मुख्य सूची) के अनुसार, विभाग के कई उम्मीदवारों ने मध्य प्रदेश शासन के खनिज संसाधन विभाग में माइनिंग ऑफिसर के रूप में सफलता प्राप्त की। मुख्य चयन सूची में शामिल उम्मीदवारों में आशुतोष गौतम, ऋतु पटेल, रोहित वर्मा, संजीत कुमार धुर्वे और यामिनी उइके शामिल हैं। यह उपलब्धि विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सशक्त शैक्षणिक आधारशिला और समर्पित मार्गदर्शन को दर्शाती है, जो निरंतर प्रशासनिक एवं तकनीकी क्षेत्रों के लिए उच्च दक्षता वाले पेशेवर तैयार कर रहा है। कुलपति प्रो. वाई.एस. ठाकुर, विभागाध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह सहित सभी संकाय सदस्यों ने छात्रों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ विभाग की प्रतिष्ठा को देश में भूविज्ञान शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में और सुदृढ़ करती हैं।



### पूर्व छात्र ने की शिक्षिका के साथ अभद्रता

**खुरई।** पंडित के सी शर्मा विद्यालय में शाला के पूर्व छात्र दुर्गेश प्रजापति के द्वारा अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया गया । अग्रवाल गंज बासोड़ा से शाला आने के लिए अप-डाउन करती है ज्ञापन मैं उल्लेख हैं की दुर्गेश प्रजापति द्वारा शिक्षक शिक्षिखाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है जिस वजह से शिक्षिखाओं मैं आक्रोश व्याप्त हैं। उन्होंने अपनी जान को खतरा भी बताया है शिक्षिखाओं ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आर एस शर्मा को लिखित आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है । इस अवसर पर दर्जन से भी अधिक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### शव वाहन हेतु टोल फ्री नंबर 155334

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर द्वारा बताया गया कि सरकारी अस्पताल में मरीज की बीमारी या दुर्घटना के चलते ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर निःशुल्क शव वाहन के लिये परिजनों को ना भटकना पड़ेगा और ना ही लंबा इंतजार करना पड़ेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने मृतक के शव को ससम्मान घर तक पहुँचाने के लिये शव वाहनों की व्यवस्था पहले ही कर दी है। अब इसके लिये स्वास्थ्य विभाग ने टोल फ्री नंबर 155334 जारी किया है।

## कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण के नाम पर देश की आंखों में धूल झोंकी हैः ललिता यादव विधायक

# 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला कानून महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगाः लता वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा। यह अधिनियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। आजादी के बाद से महिलाओं को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिए जाने की मांग समय-समय पर की जाती रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी आरक्षण दिलाने का प्रयास नहीं किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में महिलाओं को संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिलाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब विपक्षी दलों के विरोध के कारण बिल पास नहीं हो सका। अटल जी के समय महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले सभी दल आज भी कांग्रेस के साथ खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी की नीतियां कितनी महिला विरोधी हैं, इसका प्रमाण है शाहबानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार ने संसद में कानून बनाकर पलट दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाकर देश की आधी आबादी के प्रति भाजपा के सम्मान और दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित किया है। यह भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ.लता वानखेड़े ने संभागीय भाजपा कार्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को लेकर आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही। पत्रकार वार्ता को छतरपुर विधायक ललिता यादव ने भी सम्बोधित किया।



पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ.लता वानखेड़े ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कानून के रूप में हम सभी एक ऐसे ऐतिहासिक निर्णय का साक्षी बनने जा रहे हैं, जिसमें देश का भाग्य बदलने की क्षमता होती है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब साकार हो रहा है। ये पूरे देश के लिए बहुत ही खास समय तो है ही, साथ ही यह मातृशक्ति के लिए भी अविस्मरणीय क्षण है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम' केवल एक कानून नहीं, बल्कि सदियों से प्रतीक्षित उस सामाजिक न्याय की प्रतिज्ञा है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने धरातल पर उतारा है। यह विधेयक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझने वाली मानसिकता को ध्वस्त कर उन्हें नीति-निर्धारण और नेतृत्वकारी भूमिका में बैठाने का ऐतिहासिक काम करेगा। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' स्वतंत्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जो हमारी माताओं-बहनों को याचक से नायक की भूमिका में स्थापित करेगा। सालों से संसद की दहलीज पर खड़ी भारत की बेटियों का इंतजार अब खत्म हुआ है, क्योंकि यह अधिनियम उन्हें वह राजनीतिक सामर्थ्य दे रहा है, जहां वे स्वयं अपने और देश के भविष्य का फैसला करेंगी। नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद आयोजित पहले सत्र की शुरुआत ही एतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से हुई थी यानी लोकतंत्र के नए मंदिर का पहला ऐतिहासिक कदम ही भारत की मातृशक्ति को समर्पित रहा। यह इस बात का उद्घोष है कि नया भारत अब अपनी बेटियों के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा। यह प्रधानमंत्री मोदी की उस गारंटी का प्रमाण है, जिसने दशकों से राजनीति के हाशिये पर खड़ी भारत की बेटियों को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार देकर उन्हें राष्ट्र का भाग्यविधाता बना दिया है।

पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए छतरपुर विधायक ललिता यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेज गति से हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को आरक्षण देने वाला 'नारी शक्ति वंदन' कानून लागू होने के बाद देश की आधी आबादी को उसका पूरा हक मिल जाएगा। महिला आरक्षण लागू होने के बाद महिलाएं और संवेदनशीलता, जिम्मेदारी के साथ देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर सकेंगी। महिला आरक्षण कानून देश को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को साकार करने में महिता भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं फाइटर प्लेन तक उड़ा रही हैं। देश की प्रधानमंत्री महिला रह चुकी हैं। कई राज्यों में मुख्यमंत्री, राज्यपाल के साथ वर्तमान में देश की राष्ट्रपति भी जब महिला है तो संसद में महिलाओं के प्रतिनिधत्व को बढ़ाने में कांग्रेस को क्यों आपत्ति थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से महिलाओं को अपमानित करने का कार्य किया है।

इस अवसर पर जिला सह मीडिया प्रभारी आलोक केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, निकेश गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नितिन सोनी, दीपक दुबे, जय सोनी उपस्तिथ रहें।



## रेंजर और बाबू 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार, लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले के बंडा में लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने वन परिक्षेत्र बंडा के रेंजर विकास सेठ और बाबू जयप्रकाश तिवारी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई निजी खेत में लगे पेड़ की कटाई और लकड़ी परिवहन के लिए टीपी जारी करने के बदले की गई है।

### मामले का विवरण

मकरोनिया के ज्योतिनगर निवासी फरियादी विजय सिंह राजपूत ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी के अनुसार, उनके खेत में लगे पेड़ों को कटवाने और लकड़ी परिवहन के लिए वन विभाग से टीपी प्राप्त करने के एवज में रेंजर और बाबू द्वारा 50 हजार रुपये की मांग की जा रही थी।

### कार्रवाई की प्रक्रिया

शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने आज सोमवार को वन परिक्षेत्र कार्यालय बंडा में दबिश दी। जैसे ही रेंजर विकास सेठ और लिपिक (बाबू) जयप्रकाश तिवारी ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपियों के पास से रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई है। बंडा के साथ रेंजर विकास के पास सागर का भी चार्ज हैं। इस पूरी कार्रवाई को लोकायुक्त के निरीक्षक रंजीत सिंह, निरीक्षक कमल सिंह और ट्रैप दल के सदस्यों द्वारा अंजाम दिया गया। फिलहाल भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## निगमाध्यक्ष ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा



**सागर।** नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिर वार ने संभागायुक्त अनिल सुचारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय समारोह एवं हितग्राही सम्मेलन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जावे। निगम अध्यक्ष ने संभागायुक्त को दिए गए ज्ञापन में लेख किया है कि शासन निर्देशानुसार भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह एवं हितग्राही सम्मेलन का आयोजन पद्माकर सभागार मोतीनगर में किया जा रहा हैं, म.प्र. सामान्य प्रशासन मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र कमांक एफ-05-05/2026/1/4 भोपाल 08 अप्रैल में स्पष्ट निर्देश हैं, कि इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। परन्तु इस कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर के.वी. विवेक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सागर एवं नोडल अधिकारी द्वारा स्थानीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया, एवं इस समस्त कार्यक्रम से इस वर्ग के जनप्रतिनिधियों को दूर रखा जा रहा है। अतः आपसे अनुरोध हैं कि जिला स्तरीय समारोह एवं हितग्राही सम्मेलन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित न किये जाने वाले दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

## नवागत कलेक्टर प्रतिभा पाल कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित विभागों, शाखाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नवागत कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही प्रशासनिक कसावट लाने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित विभिन्न विभागों और शाखाओं का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों में वर्षों से लंबित पुरानी नस्तियों के त्वरित डिस्पोजल के निर्देश दिए गए ताकि रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित किया जा सके। इसी प्रकार भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों में उन्होंने समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए। सीएम हेल्पलाइन और सीएस मॉनिट से संबंधित जवाबों को पोर्टल पर समय पर दर्ज करने की हिदायत दी गई।



पाल ने कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर स्थित लगभग सभी महत्वपूर्ण अनुभागों का जायजा लिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल ई-डिस्ट्रिक्ट, नाजरात शाखा, स्थानीय निर्वाचन, जनगणना प्रकोष्ठ, भू-अभिलेख, वेब जीआईएस, लैंड रिकॉर्ड, जनसुनवाई, शस्त्र लाइसेंस शाखा, पर्यटन एवं ट्राइबल विभाग सहित क्रेच रुम का निरीक्षण किया।

जनगणना प्रकोष्ठ के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्य की महत्ता को देखते हुए निर्देश दिये कि इस कार्य हेतु टीम में अनुभवी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने जोर दिया कि जनगणना का कार्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशरू पालन करते हुए पूर्ण परिशुद्धता के साथ संपन्न कराया जाए। इसके साथ ही शासन हित में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने और विभागीय पोर्टल पर आवश्यक जानकारी समय पर अपडेट करने के भी निर्देश दिए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।



## गोपाल भार्गव ने 25 मरीजों को बेहतर उपचार हेतु भोपाल के लिए भेजा

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में रविवार को पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निज निवास गणनायक से 25 मरीजों को उनके परिजनों सहित एम्बुलेंस एवं बस के माध्यम से बेहतर उपचार हेतु भोपाल के लिए रवाना किया गया। अभिषेक भार्गव ने बताया कि इन मरीजों में 05 माह के मानविक पिता जगदीश, सुरखी, जिला दमोह एवं 02 माह के उत्कर्ष पिता भूपेंद्र, बुडेरा, शाहगढ़ शामिल हैं। जिनके ह्रदय में छेद की गंभीर समस्या है। इन दोनों बच्चों का संपूर्ण उपचार हमारी वेदिका फाउंडेशन द्वारा कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त 09 माह की बेबी नात्या पिता राजकुमार, बंडा को आंख में खून के धब्बे की समस्या है, जिसका भी समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। आज भेजे गए 25 मरीजों में 05 ह्रदय रोगी, 02 न्यूरोपैथी, 02 हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों के साथ-साथ लकवा एवं किडनी संबंधी बीमारी से ग्रसित मरीज भी शामिल हैं। सभी मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोपाल में निवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। सोमवार को सभी को उपचार हेतु भोपाल के विभिन्न अस्पतालों में भेजा जाएगा।सभी शीघ्र स्वस्थ होकर घर लौटे ऐसी मैं कामना करता हूँ।



## नगर निगम की वाहन रैली के माध्यम से दिया गया स्वच्छता जागरूकता संदेश

**सागर।** सागर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने हेतु प्रत्येक सागरवासी की महत्व पूर्ण भूमिका को ध्यान में रखकर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और सफाई मित्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा व सम्मान का उद्देश्य लेकर नगर पालिक निगम सागर द्वारा स्वच्छता स्वाभिमान अभियान 2026 के तहत विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। विधायक शैलेन्द्र जैन और महापौर संगीता सुशील तिवारी ने निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण के साथ हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली को रवाना किया। महापौर संगीता तिवारी और निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री के नेतृत्व में जागरूकता वाहन रैली संजयड्राइव रोड किनारे नवनिर्मित घाट से प्रारम्भ होकर शहर भर से होते हुए संविधान चौक पहुंची। रैली में स्वच्छता की गागर हमाओ सागर, मेरा चौराहा मेरा स्वाभिमान, मैं हूँ सागर नगर मित्र, मेरे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें। घर से थैला खुद ले आएं पॉलीथिन को न अपनाएं। कचरा सड़क पर न फेकें, डस्टबिन का उपयोग करें। गीला सूखा कचरा अलग अलग नीले हरे डस्टबिन में डालेंगे। हर 3 वर्ष में सेप्टीक टेंक की सुरक्षित सफाई निगम की मशीनों द्वारा कराने हेतु हेल्पलाइन नंबर 14420 पर कॉल करें। पॉलीथिन का उपयोग करना प्रतिबंधित है सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें आदि संदेशों की तखतियों को हांथों में थाम कर जनप्रतिनिधि व निगमकर्मीयों ने जनजन को स्वच्छता हेतु जागरूक किया। संविधान चौक पर महापौर, निगमायुक्त सहित जनप्रतिनिधियों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सफाईकार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाईमित्रों का फूलमाला व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वच्छता में जनसहभागिता हेतु जनप्रतिनिधियों व अधिकारीयों का संदेश विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने रैली में शामिल होकर कहा की सागर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने के लिए प्रत्येक सागरवासी को आगे आकर स्वच्छता में सहभागिता करना होगी।

## सागर के युवकों ने की कार से डकैती, पांच आरोपी गिरफ्तार

# पुलिस की बड़ी सफलताः 48 घंटे में डकैती का सनसनीखेज खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर में पांच दोस्त एक कार लेकर दमोह के लिए घूमने निकले लेकिन रास्ते में उन्होंने एक डकैती की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। युवकों ने फोटो-वीडियो ग्राफ़ी का काम करने वाले एक युवक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया। साथ ही उसका फोटो और वीडियो कैमरा, मोबाइल समेत नगदी लेकर फरार हो गए थे। जिन्हे सागर जिले की गढ़ाकोटा पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमें चार आरोपी सागर के है और एक राहतगढ़ का रहने वाला है। जिनसे लूटा गया सामान भी बरामद किया गया है।

घटना को बीते 10 अप्रैल को अंजाम दिया गया था। बताया गया की गढ़ाकोटा के संजरा निवासी सोनू लोधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी की 10 अप्रैल को वह अपने साथी चंदन रजक के साथ लगुन कार्यक्रम में वीडियोग्राफी करके लौट रहा था। तभी राजस्थाना ढाबा के आगे एक काले रंग की फोर व्हीलर गाड़ी में सवार लोगों ने उसे रोककर वीडियो कैमरा, फोटो कैमरा, मोबाईल नगदी छीन कर भाग गये थे। शिकायत पर पुलिस ने जाँच शुरू की थी।

पुलिस ने टीम गठित की जिसके बाद मुखबिर से सूचना मिली की चनाटौरिया के पास कार में कुछ संदिग्ध लोग बैठे हुये हैं। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को



आता देख आरोपियों ने भागने की कोशिश की तो टीम ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम धर्मेन्द्र यादव निवासी लेहदरा, अभिषेक ठाकुर, तुलसीराम अहिरवार,सूरज पटैल निवासी बम्होरी रेगुवां और रामाधर यादव निवासी मरदनपुर थाना राहतगढ बताया। उनके पास से लूटा गया सामन बरामद हुआ। साथ ही तलाशी लेने पर उनके पास से एक चाकू, 6 नग मोबाईल, 3360 रुपये जप्त किये गए। पूछताछ में सामने आया की पांचों आरोपी लेहदरा नाका पर इकट्ठा हुए, रामानुज यादव ने किराये पर स्कार्पियो गाड़ी ली। जिसमें बैठकर वह दमोह तरफ घूमने निकले। वपिस आते समय बाइक रोककर चाक़ू की नोंक पर लूट की घटना को अंजाम दिया। पैसों को आपस में बांटने के बाद शराब पी खाना खाया। आरोपियों पर आर्म्स एक्ट का मामला भी दर्ज किया गया है।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उइके तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी रहली के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतारसी प्रारंभ की गई।

### पुलिस की सूझबूझ से धरपकड़

12 अप्रैल की रात्रि को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि चना टौरिया के पास सर्विस रोड पर एक काले रंग की स्कॉर्पियो में संदिग्ध व्यक्ति बैठे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए सभी को पकड़ लिया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

धर्मेन्द्र यादव (20 वर्ष), निवासी लहेदरा, अभिषेक ठाकुर (20 वर्ष), निवासी बम्होरी रेगुवां, तुलसीराम अहिरवार (20 वर्ष), निवासी बम्होरी रेगुवां, सूरज पटैल, निवासी बम्होरी रेगुवां, रामानुज यादव (19 वर्ष), निवासी मरदनपुर थाना राहतगढ़। आरोपियों के कब्जे से एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो वाहन, एक पैनासोनिक वीडियो कैमरा, एक निकोन फोटो कैमरा, 06 टच स्क्रीन मोबाइल, एक चाकू, फरियादी का पर्स, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 3360 नगद जप्त किया गया।

### आरोपियों का खुलासा

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे 09 अप्रैल की रात को एकत्र होकर किराये की स्कॉर्पियो से घूमने निकले थे। वापसी के दौरान उन्होंने सुनसान स्थान पर बाइक सवार को रोककर चाकू व डंडे के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया तथा लूटी गई राशि को आपस में बांटकर खर्च कर दिया।

## लव जिहाद व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, शहर में निकाला जुलूस

# एसपी के निर्देश अनुसार कोतवाली टीआई ने किया मामले का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





लव जिहाद जैसे संगीन मामलों में प्रदेश सरकार की मंशानुसार पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में भी पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इन्ही निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने जिले में चर्चित दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को आरोपी जमालुद्दीन काजी को गिरफ्तार कर लिया और उसे शहर में जुलूस के रूप में घुमाया गया। यह कार्रवाई उस समय और तेज हुई, जब हिंदू संगठनों ने एकजुटता दिखाई।

मामले की शुरुआत करीब एक सप्ताह पहले हुई थी, जब जिला अस्पताल में आरोपी पर एक महिला से छेड़छाड़ के आरोप लगे थे। घटना के दौरान लोगों ने आरोपी की पिटाई भी की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद पीड़ित महिला ने सामने आकर गंभीर आरोप लगाए कि पहचान छिपाकर प्रेमजाल में फंसाने, दुष्कर्म करने और बाद में ब्लैकमेल करने जैसा जघन्य अपराध आरोपी जमालुद्दीन काजी ने किया है। उक्त आरोपों ने पूरे मामले को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया। आरोपी जमालुद्दीन काजी की गिरफ्तारी से पहले रविवार रात बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज के नेतृत्व में नजरबाग मंदिर प्रांगण में हिंदू संगठनों की एक बड़ी बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और उक्त घटना का विरोध किया। संगठनों ने इस पूरे मामले को लव जिहाद बताते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। महंत सीताराम दास ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी कड़ी कार्यवाही किये जाने और जनता से एकजुट होने का आह्वान किया। घटना के बाद आरोपी को मारपीट के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वहां से आरोपी जमालुद्दीन काजी फरार हो गया था। इस घटनाक्रम ने लोगों के बीच आक्रोश बढ़ा दिया और यही आक्रोश रविवार की बैठक में खुलकर सामने आया। जब नजरबाग में बैठक चल रही थी, उसी दौरान कोतवाली से फोन महंत सीताराम दास के पास आया, जिसमें आरोपी के गिरफ्त में होने की जानकारी दी गई।

इस पर महंत ने आरोपी का शहर में जुलूस निकालने की मांग रखी, जिसे बाद में पुलिस ने अमल में लाया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शहर में जुलूस निकाला। इस दौरान पुलिस ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी को सार्वजनिक रूप से पेश कर यह संदेश देने की कोशिश की कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटनाक्रम के बाद जिले में सियासी और सामाजिक हलचल तेज हो गई है।

## महाराष्ट्र न्यायिक सेवा में चतुर्थ स्थान किया हासिल

# नम्रता जैन बनीं सिविल जज, संघर्ष संकल्प और सफलता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





सपनों को हकीकत में बदलने का जज्बा क्या होता है, यह जिले के खरगापुर की बेटी नम्रता जैन ने साबित कर दिखाया है। महाराष्ट्र न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए नम्रता ने न सिर्फ सिविल जज के पद पर चयन पाया, बल्कि संपूर्ण प्रदेश के प्रतिभागियों में चौथा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन कर दिया। इस बड़ी उपलब्धि की खबर जैसे ही खरगापुर पहुंची, पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने नम्रता के घर पहुंचकर आशीर्वाद दिया, मिठाइयां बांटी गईं और घर-घर में बेटी की इस सफलता का जश्न मनाया गया।

साधारण परिवार से आने वाली नम्रता जैन के पिता चंद्रभान जैन स्थानीय व्यवसायी हैं, जबकि माता मीरा जैन गृहिणी हैं। परिवार के संस्कार और समर्थन ने नम्रता को हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इंदौर में रहकर नम्रता ने बीए एलएलबी और एलएलएम की पढ़ाई पूरी की। इसके साथ ही उन्होंने लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। करीब दो वर्षों के कठिन परिश्रम, संघर्ष और धैर्य के बाद यह ऐतिहासिक सफलता उनके हाथ लगी। महाराष्ट्र न्यायिक सेवा में सफलता के लिए नम्रता ने सिर्फ पढ़ाई ही नहीं की, बल्कि मराठी भाषा भी सीखी। यह उनके समर्पण और लक्ष्य के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। हर कठिनाई को उन्होंने अपनी ताकत बनाया और आत्मविश्वास के दम पर आगे बढ़ती रहीं। इस दौरान नम्रता ने अपनी सफलता पर प्रोत्साहन रूपी संदेश देते हुये कहा कि सफलता के 5 मंत्र है जिसमें निरंतर मेहनत और धैर्य, लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास, परिवार का सहयोग और नई चुनौतियों को स्वीकार करना शामिल है। उन्होंने कहा कि मेरे लिये यह सफर आसान नहीं था, लेकिन लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास ने हर मुश्किल को पार करने की ताकत दी। इस सफलता का श्रेय मैं अपने माता पिता और बहनों को देती हूं। खरगापुर नगर में नम्रता की इस सफलता को लेकर हर घर में गर्व का माहौल है। बुजुर्गों ने नम्रता को आशीर्वाद दिया, तो युवाओं ने इसे प्रेरणादायक सफलता बताया। बेटियों के लिए नम्रता जैन एक नई उम्मीद बनकर सामने आई है।



# संवेदनशील इलाकों पर निगरानी, गश्त, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और शांति समिति बैठकों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

**त्योहारों से पहले पुलिस अलर्ट, एसपी ने की समीक्षा**

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह सतर्क मोड में आ गई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस कंट्रोल रूम में असूचना संकलन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था की गहन पड़ताल की। बैठक के दौरान जिले के चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति का बारीकी से आकलन किया गया और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सतर्कता, निगरानी और फील्ड स्तर पर सक्रिय पुलिसिंग को और अधिक मजबूत किया जाए।

एसपी मंडलोई बैठक ने दो टूक कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना और साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त बढ़ाने, अवैध और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष टीमें गठित करने तथा हर सूचना पर त्वरित और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सोशल मीडिया पर भी सख्त नजर रखने की बात कही गई। एसपी ने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या माहौल बिगाड़ने वाली सामग्री सामने आते ही तत्काल संज्ञान लेकर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही गुप्त सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज करने, त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को सक्रिय रखने और इंटेलिजेंस नेटवर्क को और मजबूत बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

एसपी मंडलोई ने सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि विभिन्न समाजों और गणमान्य नागरिकों के साथ समन्वय बनाकर आपसी सहयोग से त्योहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे असामाजिक और आपराधिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निवारक और कठोर कार्रवाई की जाएगी, जो शांति व्यवस्था में बाधा डालने की कोशिश करेंगे। बैठक में विशेष शाखा, जिला विशेष शाखा, साइबर सेल सहित असूचना संकलन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा व्यवस्था में नया प्रयोग, सक्रिय शिक्षक को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**प्रशासनिक कार्यों में रफ्तार और नवाचार पर फोकस करने अनुभवी को बनाया वीआरसीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा





जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को गति देने और प्रशासनिक कामकाज में सुधार लाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने एक अहम निर्णय लिया है। जनपद शिक्षा केंद्र पलेरा में रिक्त पड़े ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर सेंटर बीआरसीसी के पद पर अनुभव व सक्रियता को परखते हुए माध्यमिक शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार पाठक को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह निर्णय पूर्व बीआरसीसी भानु प्रकाश श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति के बाद लिया गया है, ताकि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार का व्यवधान न आए। विभाग का मानना है कि पुष्पेंद्र पाठक की कार्यकुशलता और उनके अनुभव से क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। पुष्पेंद्र कुमार पाठक वर्तमान में जनपद शिक्षा केंद्र में सह समन्वयक साक्षरता के रूप में कार्यरत हैं और अपने कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। उनके पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए ही विभाग ने उन्हें न केवल बीआरसीसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा, बल्कि वित्तीय अधिकार भी प्रदान किए हैं।

विभागीय अधिकारियों का मानना है कि जमीनी स्तर पर सक्रिय और परिणाम देने वाले कर्मचारियों को आगे बढ़ाना ही इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य है। उक्त निर्णय पर शिक्षा विभाग ने स्पष्ट करते हुये कहा है कि यह निर्णय किसी को दरकिनार करने के लिए नहीं, बल्कि योग्य और सक्रिय कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया है। शासन की मंशा भी यही है कि ऐसे व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी जाए, जो योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। जिला शिक्षा समिति और जिला पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि इस नियुक्ति को लेकर कोई तकनीकी संशय या सवाल उठते हैं, तो उन्हें नियमों के तहत चर्चा और स्पष्टीकरण के जरिए सुलझाया जाएगा। उक्त फैसले का मुख्य लक्ष्य सिर्फ एक है कि जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाया जाये। इस प्रयोग से खाली पद पर तुरंत नियुक्ति से कामकाज नहीं रुकेगा। अनुभवी शिक्षक को जिम्मेदारी देकर बेहतर परिणाम की उम्मीद की जा सकती है। जिससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी और पारदर्शिता देखने को मिलेगी और शिक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जा सकेगा।

## जिले में पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन

# 2 दिन में 451 वारंट तामील अपराधियों में मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने दो दिवसीय मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाकर बड़ा एक्शन किया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में 11 और 12 अप्रैल को चले इस अभियान में जिलेभर के 14 थाना और 9 पुलिस चौकियों की टीमों ने एक साथ मैदान में उतरकर अपराधियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की।

अभियान के दौरान पुलिस ने लंबित मामलों में तेजी लाते हुए 451 वारंट और समंस तामील किए, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को नई गति मिली। इनमें 39 गिरफ्तारी वारंट, 13 स्थायी वारंट जिसमें 3000 रुपए का एक इनामी आरोपी भी शामिल है, 164 जमानती वारंट और 235 समंस शामिल हैं। इस अभियान में पुलिस ने जिले के अपराधियों पर भी शिकंजा कसते हुए 192 बदमाशों को चिन्हित कर उनकी गतिविधियों की गहन जांच की। इनमें 70 हिस्ट्रीशीटर, 114 निगरानी बदमाश और 8 जेल से हाल ही में रिहा हुए अपराधी शामिल हैं, जिन पर लगातार नजर रखी जा रही है। अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 51 प्रकरण दर्ज किए, जिससे अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी अभियान के दौरान 368 वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान 88 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 25,800 रुपए का समन शुल्क वसूला। अभियान के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त और चेकिंग की गई, जिसकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार की जाती रही। पुलिस का फोकस न केवल अपराधियों की धरपकड़ पर रहा, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करना भी प्राथमिकता में शामिल रहा।

# मजना चौकी क्षेत्र अंतर्गत खेतों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का परिचय दिया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर थाना एवं चौकी स्तर पर अलर्ट जारी करते हुए आग लगने की हर घटना पर तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में मजना चौकी क्षेत्र अंतर्गत खेतों में लगी आग पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए बड़ा हादसा टाल दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़/जतारा के मार्गदर्शन में मजना पुलिस ने फायर ब्रिगेड और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर समय रहते काबू पा लिया। बताया गया है कि यदि समय पर आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो यह घटना बड़े नुकसान का कारण बन सकती थी। लेकिन पुलिस और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से न केवल आग को फैलने से रोका गया, बल्कि संभावित जनहानि और संपत्ति के नुकसान को भी टाल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आगजनी की घटनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रशासन व अग्निशमन दल के साथ समन्वय बनाकर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस पूरी घटना में पुलिस की तत्परता और स्थानीय नागरिकों के सहयोग ने यह साबित कर दिया कि सजगता और सामूहिक प्रयास से बड़े हादसों को भी टाला जा सकता है।

## रात में नगर की सड़कों पर हाथ में डंडा लिए उतरकर दिया सीधा संदेश

# एक्शन मोड में दिखीं नवागत लेडी सिंघम का फरमान, सुधरो या भागो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



जिले के बॉर्डर से सटे होने की वजह से पलेरा क्षेत्र में बढ़ते अपराध और बेलगाम हो रहे अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने एक रणनीति बनाते हुए पलेरा थाने में एक ऐसी महिला थाना प्रभारी को भेजा है जिन्होंने पुलिस अधीक्षक मंडलोई की मंशा भापते हुए उनके मिशन के तहत कार्य करना भी शुरू कर दिया है। एसपी मंडलोई की मंशा अपराध पर सख्त लगाम रूपी मिशन पर उतरीं पलेरा की नवागत टीआई प्रीति भार्गव ने पहले ही दिन सड़क पर लेडी सिंघम रूप में उतरते हुए एक्शन शुरू कर दिया है। जिसमें कानून तोड़ने वालों को कड़ा दो टूक प्रारंभिक संदेश दिया गया है कि या तो अपराध से तौवा करते हुए सुधर जाओ। अन्यथा पलेरा क्षेत्र को छोड़कर चले जाओ।

वॉर्डर से सटे पलेरा क्षेत्र में अपराध पर लगाम रूपी मिशन की कमान संभालते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिस सख्त इरादे के साथ टीआई प्रीति भार्गव को पलेरा भेजा, वह इरादा अब जमीन पर साफ नजर आने लगा है। पदभार ग्रहण करते ही लेडी सिंघम रूप में सख्त तेवर के साथ नजर आईं टीआई भार्गव ने बिना किसी औपचारिकता के सीधे एक्शन का रास्ता चुना। रविवार रात उन्होंने पूरे पुलिस स्टाफ के साथ मुख्य सड़कों पर पैदल गश्त कर यह संदेश दे दिया कि अब पलेरा में कानून का राज स्थापित करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

**बढ़ते अपराध ने खींची थी विभाग के मांथे पर चिंता की लकीर:** बॉर्डर एरिया का लाभ उठाते हुये अपराधियों की गतिविधियां कुछ ज्यादा ही बढ़ती जा रही थी। इसी बजह से पलेरा में बीते दिनों अपराधों में बढ़ोतरी और असामाजिक तत्वों की सक्रियता ने पुलिस जिला मुख्यालय की चिंता बढ़ा दी थी। इसी के चलते एसपी मंडलोई ने यहां सख्त छवि वाली अधिकारी की तैनाती की और टीआई भार्गव ने आते ही इस भरोसे को एक्शन में बदल दिया। टीआई भार्गव ने पहली शांति समिति की बैठक में ही बिना किसी लाग लपेट के अपराधियों को सीधी चेतावनी देते हुये कहा कि या तो अपराध करना छोड़ दें, या फिर पलेरा क्षेत्र त्याग दें। क्योंकि कानून व्यवस्था बिगाड़ने बाले किसी भी ब्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। इस बयान के बाद से ही क्षेत्र में चर्चा तेज है और अपराधी तत्वों में खौफ का माहौल साफ देखा जा रहा है।

**व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रियाये आई सामने:** अचानक सख्ती करते हुये पुलिस को देखकर स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद पलेरा में इस तरह की सख्ती देखने को मिली है। रात में पुलिस की मौजूदगी और लगातार गश्त बढ़ी है। जिससे क्षेत्र के माहौल में बदलाव के आसार दिख रहे है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुलिस की सख्त कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे जरूरी कदम बताया। बही व्यापारी वर्ग ने भी कहा कि अब बाजार में बैठकर अब लग रहा कि कुछ शांति है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि लगातार सख्ती कायम रखना ही पुलिस की असली परीक्षा होगी।

### नियम तोड़ने बालो पर की जाएगी सीधी कार्यवाही

एसपी के मास्टर प्लान के तहत कार्य प्रारंभ करते हुये टीआई भार्गव ने बॉर्डर एरिया में बढ़ते अपराध पर फोकस करना, फील्ड में उतरने ही जीरो टॉलरेंस नीति पर काम शुरू करना, सड़क पर स्वयं उतरकर गश्त करना, अवैध पार्किंग पर सख्ती, असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई, भीड़ और अव्यवस्था पर कंट्रोल करना प्रारंभ कर दिया है। नवागत टीआई भार्गव ने साफ कहा है कि सड़क पर अव्यवस्था और लापरवाही व नियम तोड़ने वालों पर सीधे कार्रवाई होगी। रविवार के दिन चले विशेष अभियान में अवैध पार्किंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई, मौके पर चालान, असामाजिक तत्वों की परेड लगाना, सड़क किनारे बेवजह बैठे लोगों को हटाना, सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ और अव्यवस्था फैलाने वालों को चेतावनी जैसी कार्यवाही प्रारंभिक तौर पर की गई।

परिचयात्मक बैठक में नवागत कलेक्टर ने प्राथमिकता के साथ अधिकारियों को निर्देश दिए

# जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिले यही प्राथमिकता: शीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही को आसानी ओर सुलभता से मिले यही उनकी प्राथमिलकता रहेगी। यह बात नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोमवार को टील बैठक में मौजूद अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को इशारों इशारों में समझा भी दिया कि वो अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाएं हर समस्या के लिए लोगों को कलेक्टर के पास आने की जरूरत नहीं पड़े।

सोमवार को आयोजित हुई पहली टीएल को कलेक्टर शीला दाहिमा ने परिचयात्मक बैठक बताते हुए कहा कि आप सब अपने विभाग स्तर पर अच्छा काम कर रहे होंगे ऐसा विश्वास है में चाहती हूं कि हर अधिकारी कर्मचारी अपनी अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाए तो आमजन को किसी काम के लिए परेशान होने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा आम लोगों को लाभ देने की होनी चाहिए, हमारे पास आने वाले आम लोगों का कार्य हम प्राथमिकता से करें, यही उत्कृष्ट लोक सेवक की परिभाषा है।








### भगवान को ढोक लगाकर शुरू किया काम,देखी यातायात व्यवस्था

सोमवार को नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने ऑफिस पहुंचने से पहले शहर के श्री टोड़ी गणेश मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर और श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर पहुंचकर भगवान के दर्शनकर ढोक लगाई। उसके बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय में आकर अपना काम शुरू किया। मंदिर दर्शन करने जाने के दौरान बाजार में काफिले के साथ पहुंची नवागत कलेक्टर को बाजार की लचर यातायात व्यवस्था का एहसास हो गया हालांकि पुलिस प्रशासन ने उनके आने के समय बाजार में यातायात बंद कर दिया था जिससे अधिक परेशानी नहीं आई लेकिन उन्होंने प्रेस वार्ता में इस दिशा में काम करने की जरूरत स्वीकारते हुए एडीएम रूपेश उपाध्याय को स्थाई योजना बनाने के निर्देश दिए।

### तारीख पे तारीख नहीं त्वरित निराकरण करें

नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो लोग हमारे पास न्याय मांगने आते हैं उन्हें समय पर न्याय उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है इसलिए राजस्व न्यायालयों में पेंडेंसी खत्म करने को प्राथमिकता दी जाए। टीएल बैठक लेने से पहले नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने ऑफिस का भी निरीक्षण किया।

ढोढर थाना क्षेत्र में चंबल नहर रोड पर हादसा

# लोडिंग वाहन से भिड़ी बाइक, जीजा की मौत, साला समेत दो लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ढोढर थाना क्षेत्र स्थित चंबल नहर रोड पर बीती शाम को एक मोटरसाइकिल सामने से आ रहे लोडिंग वाहन से भिड गई। हादसे में बाइक सवार जीजा की मौत हो गई। जबकि साला समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल कराया गया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। ढोढर थाना पुलिस ने इस मामले में एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ढोढर थाना पुलिस के अनुसार वीरपुर थाने के ग्राम श्यामपुर के बसौना सहराना निवासी राजेन्द्र आदिवासी 19 वर्ष रविवार की शाम को अपने चाचा विश्राम आदिवासी और जीजा लालाराम आदिवासी निवासी टर्राकलां के साथ रिश्तेदार की बारात में मानपुर थाना क्षेत्र स्थित शंकरपुर गांव जा रहे थे। शाम पांच बजे के आसपास जब इनकी बाइक चंबल नहर रोड पर चांदीपुरा नहर फाटक पर थी,तभी सामने से तेज गति से आ रहे लोडिंग वाहन से इनकी बाइक भिड गई। हादसे के दौरान बाइक सवार लालाराम आदिवासी 30 वर्ष पुत्र बद्री आदिवासी निवासी टर्राकलां की मौत हो गई। जबकि राजेन्द्र आदिवासी और विश्राम आदिवासी घायल हो गए। ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल करा दिया और मृतक के शव को पीएम उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया,साथही एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मानपुर थाना क्षेत्र के जवासा गांव की घटना

# पत्नी ने खाना नहीं बनाया तो लाठी से पीटा, पति समेत तीन पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




एक महिला की खाना नहीं बनाने की बात को लेकर उसके पति, जेठ और जेठानी ने मिलकर लाठी से मारपीट कर दी। बीती शाम को यह घटनाक्रम मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जवासा में घटित हुआ। इस मामले में पीडित महिला ने थाने पहुंचकर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पति, जेठ और जेठानी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम जवासा निवासी महिला मीनू 30 वर्ष पत्नी रामबृजेश मीणा ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रविवार को अपने बच्चे को डॉक्टर को दिखाकर घर लाने के बाद उसे शाम को दवा खिला रही थी, तभी पति, जेठ और जेठानी ने बोले कि खाना क्यों नहीं बनाया। इसी बात पर कहासुनी बढ गई तो पति राम ब्रजेश मीणा ने लाठी से पत्नी मीनू की मारपीट कर दी। जब पति उसकी मारपीट कर रहा था,तब जेठ और जेठानी गाली गलौज करते हुए मुझे पकड़कर मेरी मारपीट करवा रहे थे। महिला ने अपने पैरो में दिख रहे लाठी की चोट के निशान पुलिस को भी दिखाए। मानपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार दुबे ने बताया कि इस मामले में पीडित महिला मीनू मीणा की रिपोर्ट पर उसके पति रामबृजेश मीणा, जेठ सत्यनारायण मीणा तथा जेठानी अंकिता मीणा के खिलाफ मारपीट की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### इधर छोटे भाई ने लाठी मार फोड़ा बडे भाई का सिर

कराहल कस्बे के पकोड़िया सहराने में गेहूं चोरी करके बेच देने की बात को लेकर हुई कहासुनी के दौरान छोटे भाई ने लाठी मारकर अपने बडे भाई का सिर फोड दिया। कराहल थाना पुलिस ने बताया कि पकोडिया सहराना निवासी कल्लू पुत्र बच्चू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे छोटे भाई परमाल आदिवासी ने गेंहू चोरी करके बेच दिए। बडा भाई होने के नाते मैने परमार से कहा कि यह गलत काम क्यों किया। इसी बात पर परमाल आग बबूला हो गया और उसने चचेरे भाई आशीष आदिवासी के साथ मेरी लाठी से मारपीट कर दी। लाठी के वार से सिर लहूलुहान हो गया। पुलिस ने परमाल और आशीष के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

जहां तहां कचरा डालने ओर जलाने से घटने के बजाए बढ़ रहा प्रदूषण

# नगर पालिका का नया टचिंग ग्राउंड ब्राह्मण समाज का मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कहने को तो नगर पालिका ने शहर के बाहर मठेपुरा गांव में टचिंग ग्राउंड बनाया हुआ है। जहां पर रोजाना नगर पालिका के ट्रैक्टर ट्राली और कचरा वाहन, कचरा डालकर आ रहे हैं और नगरपालिका उक्त कचरे का निस्तारण जैविक पद्धति से कर रहे हैं पर जहां-हां कचरा को जलाकर शहर के विभिन्न वार्डों में निस्तारण करने की शिकायत भी मिलती रहती है टचिंग ग्राउंड के बजाय इधर-उधर भी कचरा डाला जा रहा है इसकी बानगी किला रोड स्थित ब्राह्मण समाज का मंदिर परिसर है जहां नगर पालिका के ट्रैक्टर ट्राली रोज शहर से एकत्रित किया गया कचरा डाल रहे हैं।

सोमवार को नगर पालिका की जेसीबी ने वार्ड क्रमांक 2 में स्थित किला पुलिया के पास नाले की सफाई की बात यह शहर भर का कचरा जो इस नाले में आकर फस जाता है उसे निकालकर ट्रैक्टर ट्राली में फेंकने के लिए भर गया लेकिन नगर पालिका के कर्मचारी उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली जो कचरे से भरी हुई थी गंदा कचरा टचिंग ग्राउंड में ले जाने के बजाय पास में ही ब्राह्मण समाज के मंदिर प्रांगण में ले जाकर डाल आए। नगर पालिका कर्मचारी इसी प्रांगण में नालों और नालियों से निकला गंदा कचरा डाल रहे हैं।

### चोर स्कूल का तीसरी बार ताला तोड़कर गैस सिलेंडर ले गए

श्योपुर। बीती रात चोरों ने पापूजी मोहल्ला स्थित शासकीय मिडिल स्कूल क्रमांक 01 के किचन शेड का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। स्कूल प्रबंधन ने इस मामले में जहां थाना कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए आवेदन दिया है वहीं महिला समूह अध्यक्ष ने चोरी का शक आदतन अपराधी पर जताया है जो इसी स्कूल में पहले भी दो बार सिलेंडर चोरी करने की घटना को अंजाम दे चुका है।स्कूल प्रबंधन द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि जिला मुख्यालय के एक्सिलेंस स्कूल की एकीकृत शाला मिडिल स्कूल क्रमांक 1 श्योपुर 12 ओर 13 अप्रैल की रात अज्ञात चोर स्कूल की दीवार फांदकर के चिकनशेड का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चुराकर ले गया। इससे पहले 25 दिसंबर 2025 की रात को भी इसी तरह गैस सिलेंडर चोरी किया गया था। ओर उससे पहले भी 18 जुलाई 2025 को इसी किचन शेड का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर और बर्तन चोरी किए गए थे जिसकी रिपोर्ट हमने उसी दिन पुलिस कोतवाली में लिखित आवेदन देकर कर दी थी लेकिन अभी तक चोरों को पकड़ा नहीं जा सका जिसके कारण यह तीसरी बार चोरी की घटना कारित की गई है।



### पेंशनरों की समस्या और उनके निराकरण को लेकर मंथन किया

श्योपुर। सेवा निवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला श्योपुर का वार्षिक स्नेह सम्मेलन रविवार को श्योपुर स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश संरक्षक बसंत पुरोहित, प्रदेश महामंत्री सुरेश बादल, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रेश मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री तथा संभागीय प्रभारी सुरेश शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामकृष्ण गुप्ता सहित भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष राम भजन रावत, राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविन्द्र तोमर अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में महासंघ से जुडे जिले के 70-80 पेंशनर भी जुटे। कार्यक्रम में पेंशनरों की समस्याए उठाते हुए उनका निराकरण कैसे हो,इसके लिए मंथन किया गया। इस दौरान अतिथियों ने अपने उद्बोधन के दौरान पेंशनरों से अपनी मांगो के निराकरण को लेकर हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा पंकज ने आभार व्यक्त किया।

### आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका पद की अनंतिम सूची जारी

श्योपुर। महिला बाल विकास परियोजना श्योपुर ग्रामीण-1 में रिक्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के पदो के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा, अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति के सभापति नरेश टैगोर, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर एवं परियोजना अधिकारी श्योपुर ग्रामीण-1 रिशु सुमन आदि सदस्य उपस्थित रहें। चयन समिति द्वारा अनुमोदित अनंतिम सूची जारी की गई है। अनंतिम सूची के अनुसार चेटी का सहराना में कु. रजना जाटव, मालीबाडी में ज्योति मीणा एवं बागचा बस्ती चकबमूलिया में प्रियंका मीणा को आंगनबाडी कार्यकर्ता के पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। इसी प्रकार कल्लू का टपरा सहमा बानो, मेवाडा कछार मुस्लमान बस्ती में सहमा बानो, माली बस्ती मेवाडा में प्रतिभा शर्मा, सोठवा-सी फतेहपुर में रामा आर्य, चेटी का सहराना में सोनिया कसेडिया, सेडे का सहराना में निशा राजपूत, मेडे का सहराना में मीरा बैरवा, वासदेह सहराना में मीरा बैरवा, मिनी कॉलोनी हरिजन बस्ती बर्धा में सुरेखा बाजुल्ला को आंगनबाडी सहायिका पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। उक्त अनंतिम सूची पर किसी आवेदिका को अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहते है तो एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से सात दिवस में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति स्वीकार नही होगी।

ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया

# घटिया निर्माण से फैली घबराहट अनाज से भरी ट्रॉली पलटने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जनपद श्योपुर की ग्राम पंचायत जावदेश्वर के अंतर्गत आने वाले चोपना गांव में 1 साल पहले बनाई गई पुलिया धंसक गई। हालांकि अभी ग्रामीण खाली ट्रैक्टर ट्राली इधर उधर स्टेयरिंग घुमाकर निकाल रहे हैं लेकिन भरी हुई ट्रॉली उक्त पुलिया से पार होगी या नहीं ग्रामीण इसी असमंजस्य में फंसे हुए हैं। इस समय किसान खेतों में गेहूं निकालने में जुटे हुए हैं और कुछ ही दिन में वह गेहूं की ट्रालियां लेकर शासकीय समर्थन मूल्य खरीद केंद्र या कृषि उपज मंडी में पहुंचेंगे। ऐसे में गेहूं से भरी ट्राली उक्त घटिया निर्माण का शिकार हुई क्षतिग्रस्त पुलिया से गुजर जाएगी या फिर गड्ढों में धंसक कर पलट जाएगी।

ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली चोपना गांव की सड़क को मुख्य सड़क से मिलाने वाले रोड पर जो पुलिया बनाई गई थी वह पूरी तरह धंसक गई है पुलिया का पाइप भी फूट चुका है जिससे आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं तो हो ही रही है लेकिन आने वाला खतरा किसानों के लिए बड़ा दिखाई पड़ रहा है क्योंकि इस रास्ते से किसान अपनी फसल को बेचने के लिए खरीद केंद्रों पर पहुंचेंगे ऐसे में भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली उक्त टूटी हुई पुलिया से कैसे गुजरेगी यह समझ से परे है पर इस घटिया निर्माण पर किसी का ध्यान नहीं गया है किसानों का कहना है कि अगर घटिया निर्माण को दुरुस्त नहीं किया गया तो किसानों के लिए फसल बेचने के लिए खरीद केंद्रों तक पहुंचने के लिए रास्ता भी नहीं बचेगा। दिनेश मीणा नमक युवक ने वीडियो वायरल करते हुए नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा से उक्त घटिया निर्माण के मामले में संज्ञान लेने की मांग करते हुए तत्काल किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए गड्ढे में मिटटी भराई कराकर आवागमन दुरुस्त कराने की मांग की है।

### दुरूस्त कराएंगे

निर्माण नया नहीं पुराना है इसकी सीसी (पूर्णता प्रमाण पत्र) जारी हो चुकी है। बारिश की वजह से पुलिया बैठ गई है अब मेंटेनेंस के लिए मांग की है जैसे ही पैसा मंजूर होगा दोबारा से मेंटेनेंस करा कर आवागमन दुरुस्त करवाएंगे।

गिर्राज मीणा
सरपंच प्रतिनिधि ग्रापं जावदेश्वर

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

# जिला अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर डॉक्टर समेत 28 लोगों ने रक्तदान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को शहर समेत जिलेभर में श्रद्धाभाव के साथ मनाई जाएगी। इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को भी अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 28 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। जिसे जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में सुरक्षित रख दिया गया है। जिसका उपयोग किसी जरूरतमंद की जान बचाने के लिए किया जाएगा।

जिला अस्पताल स्थित ब्लक बैंक में आयोजित इस रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल में पदस्थ सर्जन डॉक्टर जितेन्द्र सिंह यादव तथा नर्सिंग ऑफिसर ममता सेन सहित अन्य स्टाफ द्वारा भी रक्तदान किया गया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदान दाताओ का अस्पताल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, आरएमओ डॉ गजेन्द्र धाकड आदि ने रक्तदानदाताओ को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी किया गया।



### संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोमवार की सुबह करीब 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। इसी क्रम में शासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, स्कूल, कॉलेजों में भी संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।



### संविधान रैली निकाली, बाल विवाह जागरूकता का संदेश दिया

भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में सोमवार को प्रातःकाल समय में डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क से शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर तक संविधान रैली का आयोजन किया गया। जनजातीय कार्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राकेश शर्मा, सीडीपीओ नितिन मित्तल, पवन जीत सिंह अरोरा सहित छात्रावासीय छात्राएं, अधीक्षक आदि उपस्थित थे। महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क से शासकीय पीजी कॉलेज तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया तथा छात्राओं द्वारा बाल विवाह रोकने और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। समापन अवसर पर पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिपं उपाध्यक्ष नीरज जाट द्वारा बाल विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई। उधर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में संविधान जागरूकता एवं बाल विवाह निषेध विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# छात्रों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा एसैप छात्र संघ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एसैप छात्र संघ कॉलेज कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं रणनीतियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में छात्र हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से उठाने एवं समाधान कराने की योजना बनाई गई। साथ ही कॉलेज स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, बैठकें एवं अभियान चलाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आग्रह किया। बैठक में बादल मीणा, गौतम पंडित, प्रियांशु राव, अजय मीणा, आदित्य सुमन, रवि मीणा, सतेन्द्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बीएसी और सीएसी पदों पर लंबे समय से जमे शिक्षकों को हटाया जाए

श्योपुर। शिवसेना प्रमुख सुरेश लोधा ने जिला कलेक्टर, जिपं सीईओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन सौंपकर विकासखंड श्योपुर में पिछले कई वर्षों से पदस्थ ब्लॉक अकादमिक समन्वयक (बीएसी) एवं जनशिक्षक (सीएएसी) की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर नए सिरे से काउंसलिंग कराने की मांग की है। ताकि नए शिक्षकों को भी मौका मिल सके और शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार हो सके। आवेदन में बताया गया है कि राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार बीएसी और सीएसी की प्रतिनियुक्ति सामान्यतः तीन वर्षों के लिए होती है, लेकिन श्योपुर विकासखंड में कई शिक्षक लंबे समय से इन पदों पर कार्यरत हैं। आरोप है कि कुछ लोग मनमानी और राजनीतिक दबाव के चलते प्रतिनियुक्ति समाप्त होने के बाद भी दोबारा इन्हीं पदों पर काबिज हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### अधिक शराब पीने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रामबाग निवासी जगदीश कुशवाह उम्र 45 साल की अधिक शराब पीने से मौत हो गई। शराब पीने के बाद युवक महाराणाप्रताप छात्रावास के पीछे नाली में गिरा हुआ पाया गया था। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी पूर्वक बाइक फायनेंस कराई

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत अमन तिवारी निवासी आदर्श कॉलोनी गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ईसागढ कस्बे के वार्ड नंबर 8 निवासी शेलेन्द्र यादव ने कूटरचित दस्तावेज फर्जी रूप से तैयार कर बाइक फायनेंस करा ली, उसके साथ धोखाधड़ी की गई, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मारी, दो घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत अशोकनगर ईसागढ रोड पर एक अज्ञात ट्रेक्टर ने एक बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट अशोक अहिरवार निवासी बामौरा हाल निवासी पूजा कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना में हल्के और मनोहर अहिरवार घायल हो गए।

### करंट लगने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम देहला निवासी सतेन्द्र यादव उम्र 26 साल को करंट लगने के बाद जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना लाईट के तार जोड़ते समय हुई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने मशाल रैली निकाली

**अशोकनगर।** प्रदेश व्यापी अभियान के अंतर्गत अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा टीईटी के विरोध में मशाल रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में रिट अपील दायर करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा से मध्यप्रदेश के करीब 70 हजार एवं देश भर के लगभग 25 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे ,उन्होंने यह भी बताया कि 29 मार्च को भोपाल में प्रदेश के 12 संघों ने मिलकर एक संयुक्त मोर्चा का गठन किया है।

### योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया

**गुना।** पतंजलि युवा भारत के जिला युवा प्रभारी योगाचार्य महेश पाल द्वारा लाल परेड ग्राउंड पर विशेष योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं को योग के महत्व एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## शिकायतों के बाद कई घोटाले मिले, कार्रवाई आज तक नहीं

# जिले कुछ केंद्रों पर अनियमितताएं मिलने के बाद भी उन्हें केंद्र बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 15 अप्रेल से निर्धारित की गई है, जो 12 मई तक चलेगी, इस खरीदी को लेकर जिले में 26 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं लेकिन इन केन्द्रों में कई केन्द्रों पर गत वर्ष भी भारी अनियमितताएं मिली थी, शिकायतें हुईं जांच भी हुई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। मजेदार बात यह है कि जिन केन्द्रों पर अनियमित्ताएं मिलीं थी उन केन्द्रों को फिर से खरीदी केन्द्र बनाया गया है। यह अनियमित्ताएं मसूर, चना और अन्य खरीदी में मिली थीं।

अशोकनगर जिले में गेहूं उपार्जन को लेकर शासन की ओर से 65 हजार मेट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य प्रदान किया गया है। हर वर्ष लक्ष्य अधिक प्रदान किया जाता था और 1 अप्रेल से खरीदी प्रारंभ होती थी, इस बार 15 दिन बाद खरीदी प्रारंभ होगी और 12 मई को समाप्त हो जाएगी, खरीदी के लिए दिन भी कम दिए गए हैं। जबकि गत वर्ष से इस बार उल्टा है, मंडी में मिल क्वालिटी गेहूं के दाम कम मिल रहे हैं और खरीदी केन्द्रों पर मण्डी की तुलना में अधिक हैं इसलिए किसानों का रूख खरीदी केन्द्रों की ओर अधिक रहने की संभावना है। जिले में इस वर्ष 16798 किसानों ने पंजीयन कराया है, इस वर्ष भी 26 केन्द्र बनाए गए हैं। गत वर्ष भी 26 केन्द्र बने थे और 18126 किसानों ने पंजीयन कराया था, लेकिन अंतर इतना है कि इस बार 3 खरीदी केन्द्र बदले गए हैं। गत वर्ष शासन ने 80 हजार मेट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य प्रदान किया था, जिसकी तुलना में 63 हजार मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई थी। गेहूं की खरीदी जितनी अधिक होगी उतना लाभ यहां पर बनी गोदाम संचालकों को होगा क्योंकि उनके यहां उपार्जन का यह गेहूं रखा होता है, कम खरीदी में इन संचालकों भी नुकसान का सामना करना पड़ता है।



### जिले में 26 खरीदी केन्द्र बनाए गए

इस बार जिले में जो खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं उनमें अशोकनगर विकासखण्ड में अशोकनगर नवीन कृषि उपज मंडी, कचनार, गोविंद वेयरहाउस अशोकनगर, मुस्कान वेयर हाउस अशोकनगर, श्रीकृष्ण वेयर हाउस डंगोरा, शिवम वेयर हाउस कोलुआ और कृषि उपज मंडी शाढौरा शामिल हैं। ईसागढ में 7 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें मेट्रो वेयरहाउस, चन्द्रेश वेयरहाउस, ढिमोले वेयरहाउस, पारसौल, दीक्षा वेयरहाउस, समिति स्तरीय नईसरायं, बालाजी वेयरहाउस कदवाया शामिल हैं। मुंगावली विकासखण्ड में गल्ला मंडी मुंगावली, गल्ला मंडी पिपरई, आर्या वेयरहाउस एवं अनंत्या वेयरहाउस खुटिया बामौरी, राधे वेयरहाउस कुकावली, समिति स्तरीय खाकलोन, वर्धमान वेयरहाउस, समिति स्तरीय दमदमा शामिल हैं। चन्देरी विकास खण्ड में विक्रमादित्य वेयरहाउस डुंगासरा, चंन्देरी गल्ला मण्डी में 2 केन्द्र और एमपीडब्ल्यूसी चंदेरी में बनाया गया है। इन खरीदी केन्द्रों को लेकर अगर गत वर्ष में हुई खरीदी के बाद अनियमित्ताओं के बात करें तो ईसागढ के अनुविभागीय अधिकारी



द्वारा बालाजी वेयरहाउस कदवाया को वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान अनियमित्ताएं मिलीं थी जिसमें कहा गया था कि उक्त वेयर हाउस पर मसूर के 2245 कटटे रखे पाए गए। वेयर हाउस के स्टॉक नंबर 10 में 911 कटटे, स्टॉक नंबर 35 में 1080 व स्टॉक के अतिरिक्त जमीन पर 254 कटटे अर्थात कुल 2245 कटटे अनाधिकृत रूप से भंडारण पाया गया था। इसी प्रकार ईसागढ के तहसीलदार द्वारा 21 मई 2025 को रिजौदा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया गया था और कलेक्टर अशोकनगर को जांच प्रतिवेदन भेजा गया था जिसमें वेयरहाउस का निरीक्षण करने पर केन्द्र पर मसूर के 41400 बैग, चने के 61 बैग और सरसों के 193 बैग मिले थे। मसूर के बैगों में लगभग 15 प्रतिशत पर टैग नहीं पाया गया था जिन पर टैग लगे थे उन पर किसान का नाम और पंजीयन क्रमांक अंकित नहीं था।

### *कई समितियों की गत वर्ष की गई थी शिकायतें*

*समिति प्रबंधक देवदत्त सल्या के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने के प्रमाणित आधार उपस्थित होने के उपरांत भी दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किया जाना बल्कि उसे कई संस्थाओं का प्रभार देकर पुरस्कृत किया जाना, विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उक्त दोषी समिति प्रबंधक प्रतिवर्ष उपार्जन कार्य में लाखों रुपए का घोटाला करता है इसके बाद भी विभाग एवं बैंक द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसी तरह की गतवर्ष हुई अनियमित्ताओं को लेकर एडीओ मुकेश रघुवंशी भी निलंबित हुए थे। महोली, रामनगर, रिजौदा आदि की शिकायतें हुईं थी हर वर्ष गेहूं मसूर, चना आदि में घोटाले सामने आ रहे हैं, जांच भी होती हैं नोटिस जारी किए जाते हैं प्रतिवेदन दिए जा रहे हैं लेकिन कार्यवाही नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में इस बार की गेहू की खरीदी के साथ मसूर और चना की खरीदी में भी अनियमिताएं अगर हुई तो कौन जिम्मेदार होगा, यह प्रश्न भी बना हुआ है।*

### *इनका कहना है*

*अशोकनगर जिले में गेहूं की खरीदी को लेकर 26 केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें 16798 किसानों ने पंजीयन कराया है गत वर्ष से पंजीयन कम हुएं है इस बार 15 अप्रेल से 12 मई तक ही खरीदी होगी। गत वर्ष जिन 26 केन्द्रों को बनाया गया था इस वर्ष भी 26 केन्द्रों को बनाया गया है जिनमें 3 केन्द्र बदले गए हैं, इस बार अनिमित्ताएं न हो इस बात के प्रयास किए जा रहे हैं।*

*प्राची शर्मा*
*जिला खाद्य अधिकारी, अशोकनगर*

## विश्व गीता प्रतिष्ठानम की अशोकनगर जिला कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी शाखा अशोकनगर के तत्वावधान में जिला अशोकनगर की नवीन कार्यकारिणी के शपथ विधि समारोह का आयोजन रविवार को स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभगार में आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता मध्य भारत प्रान्त के अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव ने की। विश्वगीताप्रतिष्ठानम उज्जयिनी के पूर्व अध्यक्ष जवाहर लाल द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। केंद्रीय संगठन मंत्री विष्णु प्रसाद शर्मा, मध्य भारत प्रान्त के संयोजक दिनेश बिरथरे विश्व गीता प्रतिष्ठानम मध्य भारत प्रान्त के प्रकाशन प्रमुख देवीलाल बुधौलिया, मध्य भारत प्रान्त के सङ्गीत प्रमुख शिवराम शर्मा,मध्य भारत प्रान्त महिला प्रमुख ममता नरवरिया, जिला संयोजक राजेन्द्र सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। मध्य भारत प्रान्त के परीक्षा प्रमुख राजीव पचौरी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती, भगवान श्री कृष्ण व भगवद गीता के चित्र पर मंचासीन अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों को पुनः मंचासीन कर अंगवस्त्र माला व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। शिवराम शर्मा द्वारा सङ्गीत मय भजन घर घर गीता का प्रचार हो, सदाचार और सद्विचार हो प्रस्तुत किया। मध्य भारत प्रान्त के संयोजक दिनेश बिरथरे ने अतिथियों का स्वागत व संगठन के सम्बन्ध में विस्तार से व्याख्यान दिया। ततपश्चात जिला संयोजक राजेन्द्र सिंह यादव ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मध्य भारत प्रान्त के अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। केंद्रीय संगठन मंत्री विष्णु प्रसाद शर्मा ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। देवीलाल बुधौलिया ने अपना वक्तव्य व गीत प्रस्तुत किया। प्रमेन्द्र शर्मा ने भी उपस्थित गीताप्रेमियों को सम्बोधित किया। तत्पश्चात जवाहर लाल द्विवेदी मुख्य अतिथि द्वारा गीता जी पर सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया गया व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेश श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत किया। गीता स्वाध्याय प्रमुख अशोक शर्मा ने अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सहायक गीता स्वाध्याय प्रमुख रमन शर्मा, गीता सप्त उत्सव प्रमुख नवल सिंह भदौरिया, वित्त प्रमुख महेश शर्मा, तकनीकी प्रमुख प्रमोद राजावत,नगर प्रमुख राजेन्द्र दुबे,सह जिला संयोजक आनन्द आदि रहे मौजूद।

## गोराघाट पर वर्षों से निवास कर रहे 58 रहवासियों को नोटिस किया जारी

### नोटिस मिलने वालों में 17 पीएम आवास के हितग्राही भी शामिल





**अशोकनगर।** अशोकनगर के वार्ड क्रमांक 2, गोराघाट क्षेत्र में स्थानीय आदिवासी भाइयों को 58 मकानों को तोड़ने के नोटिस दिए जाने के बाद आदिवासी परिवारों में चिंता की लकीने पैदा होगई हैं। यह नोटिस जल संसाधन विभाग अशोकनगद द्वारा प्रदान किए गए हैं। ज्ञात हो कि गोरा घाट की आदिवासी वस्ती को वर्तमान सरकार द्वारा अयोध्या वस्ती का दर्जा दिया गया है और पूरे वर्ष भर यहां सेवा भारती, विहिप और आदि संस्थाओं द्वारा यहां कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्ही की सरकार में आदिवासियों को यह नोटिस दिए गए हैं।

इस दौरान इंजी.विधायक हरिबाबू राय अशोकनगर सहित कांग्रेसी जनों ने क्षेत्र का भ्रमण कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संबंधित मकानों में से 17 मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए हैं,जिन्हें नगरपालिका द्वारा विधिवत प्रक्रिया के तहत स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके बावजूद स्थानीय निवासियों को मकान तोड़ने के नोटिस जारी किए गए हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का कोई स्पष्ट आदेश भी उपलब्ध नहीं है। वहीं स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्हें वर्ष 1984 में विधिवत पट्टे प्रदान किए गए थे। ऐसी स्थिति में बिना पर्याप्त एवं वैध आधार के इस प्रकार की कार्रवाई अनुचित है। मौके पर सभी प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया गया कि उनके हक एवं अधिकारों की रक्षा हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक इं. हरिबाबू राय ने कहा कि इस विषय को लेकर कांग्रेस पार्टी शीघ्र ही अशोकनगर कलेक्टर से मुलाकात कर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग करेगी। इस दौरान विधायक हरिबाबू राय, जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह, नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, विशाल रघुवंशी, जितेंद्र साहू, प्रिंस सिंघई, अमन महाराज, सुनील रघुवंशी, देवेंद्र वैरागी, अजय, धर्मेन्द्र सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## गर्ल्स कॉलेज में आधुनिक नारी विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता, अंजलि प्रथम स्थान पर रही

### कॉलेज की छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में नारी शक्ति वंदन के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव सत्र का सीधा प्रसारण डिजिटल माध्यम से किया गया। जिसमें कॉलेज की छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक युगांतकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि आज की नारी अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक और ड्रोन दीदी के रूप में कृषि क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने लखपति दीदी योजना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में कॉलेज में आधुनिक नारी विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी लेखनी के माध्यम से नारी शक्ति के विविध आयामों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में अंजलि विश्वकर्मा प्रथम, स्वाति प्रजापति द्वितीय और अभिलाषा विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि शिक्षा और आत्मविश्वास ही वह आधार हैं, जिनसे आधुनिक नारी अपनी नियति स्वयं लिख सकती है। डॉ. उमा लवानिया ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्हें अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी मृणालिनी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज परिवार के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## पर्यटन ग्राम विक्रमपुर, में दो होमस्टे का उद्घाटन किया

**अशोकनगर।** पर्यटन ग्राम विक्रमपुर, चंदेरी, जिला अशोकनगर में दो होमस्टे का उद्घाटन जिला कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह भुंदेला, जिला सीईओ राजेश जैन, एसडीएम चंदेरी, सीईओ जनपद, तहसीलदार चंदेरी, बकरी छाप परियोजना अधिकारी दीपक दुबे सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। ग्राम विक्रमपुर में “भोले महाराज होम्स” के अंतर्गत दो होमस्टे का विधिवत उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है कि चंदेरी क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन योजना, जो कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, भोपाल द्वारा संचालित है, के अंतर्गत तीन ग्राम विक्रमपुर, नानौंन एवं प्राणपुर में होमस्टे निर्माण एवं पर्यटन गतिविधियों का विकास किया जा रहा है। इसीक्रम में ग्राम विक्रमपुर में इन दो नए होमस्टे का शुभारंभ किया गया, साथ ही नानौंन एवं प्राणपुर में भी होमस्टे निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा ग्राम में संचालित विभिन्न पर्यटन गतिविधियों जैसे ई-बाइक, ई-रिक्शा, बैलगाड़ी एवं घोड़ा गाड़ी का निरीक्षण किया गया। साथ ही अन्य होमस्टे का भी अवलोकन किया गया। पर्यटन की इन व्यवस्थाओं एवं ग्रामीण परिवेश को देखकर जिला कलेक्टर, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारियों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की तथा इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अत्यंत उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक कार्य है। ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उपहार स्वरूप स्थानीय जंगल एवं खेतों में प्राप्त उत्पादों जैसे तेंदू, महुआ, अचार, आलू एवं अन्य सब्जियों से सुसज्जित टोकरी भेंट की गई। यह उल्लेखनीय है कि चंदेरी क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन योजना के अंतर्गत परियोजना संस्था “बकरीछाप” द्वारा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रभावी कार्य किया जा रहा है, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## बांग्ला चौराहा जिनालय की प्रतिष्ठा हेतु श्री फल भेंट किया

# वही सुखी है जो दूसरों को सुखी बनने का भाव करें: मुनि सुधासागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वही सुखी है जो दूसरों को सुखी बनने का भाव करें जो ज्ञान में समर्थ होने पर दूसरो को ज्ञानी बनने का भाव रखें। हर व्यक्ति को सहारा मत देना पहले देख लेना कि वह तुम्हारे लिए वह योग्य मानता है उसी व्यक्ति का सहारा लेना जो तुम्हारे लिए अनमोल मानें वह तुमसे मौल भाव न करें। इस जिंदगी में किसी न किसी का सहारा लेना पड़ता है इस अहंकार में मत पड़ना कि मुझे किसी का सहारा लेना ही पड़ेगा। यहां तक कि तीर्थंकर प्रभु को भी किसी न किसी की गोदी में जन्म लेना पड़ता है, सहारा लेना है यह तय है तुम्हारे लिए सहारा दे लेकिन तुम्हारी मजबूत का फायदा ना उठाने लगा जाये उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए ।

**बांग्ला चैराहा की प्रतिष्ठा हेतु किया श्री फल भेंट:** इसके पहले अशोकनगर जिला जैन समाज की ओर से जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा



के नेतृत्व में शिविर पुयर्जक शालू भारत मनोज जैन लल्ला पंच कल्याणक महोत्सव के कुबेर शैलेन्द्र दददा सनत इन्द्र धर्मेन्द्र रोकड़यि विपिन सिंघई हेमंत टडैया आलोक रानीपुर गोलू वाझल सौरव ओडेर प्रदीप कडरया संजीव जैन रिक्कू ओडेर सानू श्राागर सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट कर अशोक नगर जिले में प्रवेश का निवेदन किया।

इस दौरान जैन समाज अशोक नगर के मंत्री विजय धुर्रा ने जिज्ञासा रखते हुए मुहुर्त का क्या महत्व है और यदि किसी कार्य को प्रारंभ करने के लिए मुहुर्त का पता न हो तो कार्य प्रारंभ करना चाहिए या नहीं समान्य कार्य के लिए किस तरह की वातावरण का रहना अनिवार्य है करते हुए आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज का उत्तर प्रदेश से पद विहार करते हुए मुंगावली की ओर मध्यप्रदेश कीसीमा से प्रवेश करेंगे तो हम सब पूरे अंचल के भक्त पूज्यश्री अगवानी अपने जन प्रतिनिधियों को साथ लेकर करने जा रहे हैं इसमें सर्वे समाज आमंत्रित हैं। दुनिया में ऐसे लोगों को ढूंढो जो एक दिन तुम्हारे लिए मालिक वन दे उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसे लोगों को ढूंढो जो एक दिन तुम्हारे लिए मालिक वन दे खोजों ऐसे व्यक्ति तो तुम्हें धन्य कर दे तुम सहारा लेना गये थे उन्होंने तुम्हें अपने सामान वन लेने वाले जिन प्रभु के चरणों में चले जाना है तुम उस गुरु की शरण में जाना जो तुम्हें अपने स्थान पर गुरु वना ले संसार में चार शरण ऐसी है जो तुम्हारे लिए अपने सामान वना लेती है।

## आगजनी की घटना के बाद कायस्थ समाज ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की



**पिपरई।** पिछले दिनों ब्रदीप्रसाद श्रीवास्तव के घर में हुई आगजनी की घटना के बाद रविवार को कायस्थ श्रीवास्तव समाज द्वारा पिपरई थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कार्यवाही की मांग की गई है। जिसमे कहा गया है कि विगत 9 और 10 अप्रेल की रात के लगभग 3 बजे के दरमयान बद्रीप्रसाद श्रीवास्तव पुत्र अयोध्या प्रसाद श्रीवास्तव निवासी राम लीला मैदान पिपरई के घर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगा दी गई, जिससे घर में रखी दो हीरो कम्पनी की मोटर साईकल तथा आंगन में रखी पानी की टंकी ड्रम आदि व कमरे में रखा सौफा सेट विस्तर के साथ अन्य सामान जल कर राख हो गया। छत की फर्सी एवं जीने के पत्थर तक टूट गये। करीबन नुकसान लगभग एक लाख रूपये का बताया हैं। घर में लगाई गई आग इतनी भयानक थी की बद्रीप्रसाद एवं उमा देवी को बडी मुश्किल से अपना बचाव करना पडा। इस ज्ञापन में पूर्व की घटनाओं को भी बताया है। भरोसीलाल बरैया एवं तुलसीराम विश्वकर्मा निवासी पिपरई के साथ घटित हो चुकी है जिस में लाखों का नुकसान हो चुका है। उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुई घटना की जांच कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलवाने की बात कही। इस मौके पर बद्री प्रसाद श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, के.के श्रीवास्तवख सिद्ध सागर श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव,डॉक्टर एसके एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।